# म्यांमार के रेल मंत्री दल ने बीईएमएल का दौरा किया

श्री यू आंग म्याइंग, उप मंत्री, परिवहन और संचार, म्यांमार के नेतृत्व में पांच सदस्यीय उच्च स्तरीय म्यांमार रेलवे टीम ने बीईएमएल, बेंगलूर कॉम्प्लेक्स का संदर्शन किया।

श्री अमित बनर्जी, सीएमडी, बीईएमएल के साथ, प्रतिनिधिमंडल ने रेल और मेट्रो निर्माण सुविधाओं का संदर्शन किया और म्यांमार रेलवे के भावी विकास पर बीईएमएल के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बीईएमएल चल स्टॉक, यथा इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट्स, डीजल मल्टीपल यूनिट्स, डायरेक्ट इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट्स और मेट्रो कारें, पर गहरी दिलचस्पी दिखाई।




M/C
NO-07


NORMAL
UNLOCK

बीईएमएल, बेंगलूर में उपलब्ध रेल और मेट्रो निर्माण सुविधाओं पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, श्री म्याइंग ने कहा, "बीईएमएल का नाम अपने उत्पादों के लिए जाना जाता है और म्यांमार अपने रेल उत्पादों पर बीईएमएल के साथ अवसरों का पता लगाने की उम्मीद कर रहा है।" श्री अमित बनर्जी, सीएमडी, बीईएमएल ने उन्हें आश्वासन दिया कि कंपनी इस प्रयास में पूर्ण समर्थन और सहायता प्रदान करेगी।

**बीईएमएल द्वारा मीडिया रिलीज़**